CMYK
Website : www.highwaychannel.in
छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार
# हाईवे चैनल
▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 106 ▫ रायपुर, रविवार 11 मई 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# यूपी में दुनिया की सबसे विध्वंसक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस के उत्पादन इकाई का शुभारंभ

## राजनाथ सिंह बोले- भारतीय सेना की धमक उस रावलपिंडी ने भी सुनी...जहां पाक फौज का हेडक्वार्टर है

**नई दिल्ली, 11 मई (न्यूज चैनल)।** यूपी की राजधानी लखनऊ रविवार को रक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनी। यहां उप्र डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर दुनिया की सबसे विध्वंसक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस के उत्पादन इकाई का शुभारंभ हुआ। समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह डिजिटल माध्यम से दिल्ली से जुड़े। उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ इस परियोजना का उद्घाटन किया। यह कदम रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता को मजबूत और भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनावपूर्ण हालात में सामरिक शक्ति को नई धार देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।



समारोह में सीएम योगी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने टाइटेनियम एंड सुपर एलॉय मैटेरियल्स प्लांट (स्ट्रैटेजिक मैटेरियल्स टेक्नोलॉजी कॉम्प्लेक्स) का भी उद्घाटन किया। यह प्लांट एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर के लिए उच्च गुणवत्ता वाली सामग्रियों का उत्पादन करेगा। इनका उपयोग चंद्रयान मिशन और लड़ाकू विमानों में किया जाएगा। साथ ही ब्रह्मोस एयरोस्पेस की इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी परियोजना का भी लोकार्पण हुआ। ये मिसाइलों के परीक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। लखनऊ नोड पर स्थापित ब्रह्मोस प्रोडक्शन यूनिट 300 करोड़ रुपये से तैयार की गई है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने 80 हेक्टेयर जमीन निशुल्क उपलब्ध कराई थी। इसका निर्माण मात्र साढ़े तीन वर्षों में पूरा हुआ। ब्रह्मोस मिसाइल भारत और रूस के संयुक्त उद्यम का परिणाम है। इसकी मारक क्षमता 290-400 किलोमीटर और गति मैक 2.8 (ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना) है। यह मिसाइल जमीन, हवा, और समुद्र से लॉन्च की जा सकती है। यह %फायर एंड फॉरगेट% सिद्धांत पर काम करती है। इससे यह दुश्मन के रडार से बचकर सटीक निशाना लगा सकती है।

इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि आपने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ब्रह्मोस मिसाइल की एक झलक देखी होगी। अगर नहीं देखी तो पाकिस्तान के लोगों से ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत के बारे में पूछिए। पीएम नरेंद्र मोदी ने घोषणा की है कि आगे से आतंकवाद की कोई भी कार्रवाई युद्ध की कार्रवाई मानी जाएगी। आतंकवाद की समस्या का समाधान तब तक नहीं हो सकता जब तक हम इसे पूरी तरह से कुचल नहीं देते। आतंकवाद को कुचलने के लिए हम सभी को पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक स्वर में मिलकर लड़ना होगा। आतंकवाद कभी भी प्यार की भाषा नहीं अपना सकता। उसे उसी की भाषा में जवाब देना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने पूरी दुनिया को संदेश दिया है।

इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज हमारे आसपास ऐसी परिस्थितियां हैं, कि यह जरूरी हो जाता है कि हम अपने काम को समय पर पूरा करते रहें। हम उद्देश्य यूपी को प्रोडक्शन सेंटर के रूप में विकसित है। एक समय कानपुर मानचेस्टर के रूप में जाना जाता था। बीच में किसी कारण वह पिछड़ गया। लेकिन, अब एक बार फिर वह अपने विकास की सीमा पर पहुंचेगा। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि अब्दुल कलाम ने कहा था कि दुनिया कमजोरों का नहीं ताकतवर का सम्मान करती है। यह सिर्फ फैक्ट्री का उद्घाटन नहीं है। यह आत्म निर्भरता का बड़ा उदाहरण है। इस कॉरिडोर में 4 हजार करोड़ का इन्वेस्टमेंट किया जा चुका है। इस समय आ रही रोज नई-नई टेक्नालॉजी दुनिया में क्रांति ला रही है। आने वाले समय में लखनऊ टेक्नालॉजी के संगम के रूप में जाना जाएगा। इससे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से रोजगार जुड़ेंगे। आने वाले समय में ग्रोथ पोल के रूप में जाना जाएगा।

### बीकानेर में मिले ब्राह्मोस मिसाइल के बूस्टर और नोज कैप, पाकिस्तानी विफलता की खुली पोल

राजस्थान के बीकानेर के नजदीक एक खेत में ब्रह्मोस मिसाइल का बूस्टर और नोज कैप मिलने से सनसनी फैल गई.ग्रामीणों ने बताया कि रात में आसमान में तेज रोशनी के साथ जोरदार धमाका हुआ, जिसके बाद यह मलबा खेत में गिरा. भारत ने ब्राह्मोस मिसाइल को पाकिस्तान के बहावलपुर में अपने लक्ष्य पर निशाना साधने के लिए इस्तेमाल किया था. जैसे ही मिसाइल को लॉन्च किया गया तो तुरंत ही इसके बूस्टर और नोज कैप बाहर निकल गए. इससे यह संकेत मिलता है कि ब्रह्मोस बहावलपुर में सफलतापूर्वक अपने लक्ष्य को निशाना बनाया।



### भाजपा ने प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की; कहा- भारत ने कूटनीतिक रूप से पाकिस्तान को अलग-थलग कर दिया

भाजपा ने रविवार को कहा कि भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में पाकिस्तान के साथ संबंधों के नियमों को फिर से लिखा है। पार्टी की यह टिप्पणी शनिवार को भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक सीमा पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद तत्काल प्रभाव से जमीन, हवा और समुद्र पर सभी गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने के समझौते पर पहुंचने के बाद आई है। %एक्स% पर एक पोस्ट में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि पाकिस्तान ने विनाशकारी नुकसान झेलने के बाद समझौते की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में केवल 72 घंटों में भारत ने पाकिस्तान के साथ संबंधों के नियमों को फिर से लिखा है। भंडारी ने कहा कि भारत ने रणनीतिक संकल्प के साथ पाकिस्तान के परमाणु बम की गीदड़भभकियों का जवाब दिया। लाहौर से रावलपिंडी तक पाकिस्तानी सैन्य क्षेत्रों में अंदर तक हमला किया। मुरीदके और बहावलपुर में जैश और लश्कर के आतंकी मुख्यालयों को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि एक स्पष्ट संदेश दिया गया कि पाकिस्तान का एक इंच भी भूभाग भारत की पहुंच से बाहर नहीं है, सिंधु जल संधि को रोककर पाकिस्तान को आर्थिक रूप से पंगु बना दिया गया है।

# पाकिस्तान के साथ सीजफायर के बीच भारतीय वायुसेना का बड़ा बयान- 'ऑपरेशन अभी भी जारी है'



**नई दिल्ली, 11 मई (न्यूज चैनल)।** पाकिस्तान के साथ सीजफायर के बीच भारतीय वायुसेना का बड़ा बयान सामने आया है. इंडियन एयरफोर्स का कहना है कि ऑपरेशन अभी भी जारी है. आने वाले वक्त में इसको लेकर जानकारी दी जाएगी. वायुसेना ने ये जानकारी सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर दी है. इंडियन एयरफोर्स ने एक्स पर ऑपरेशन जारी रखने की जानकारी देते हुए लिखा, भारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने ऑपरेशन सिंदूर में अपने निर्धारित कार्यों को सटीकता और व्यावसायिकता के साथ सफलतापूर्वक अंजाम दिया है. ऑपरेशन राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप सोच-समझकर और विवेकपूर्ण तरीके से संचालित किए गए. क्योंकि ऑपरेशन अभी भी जारी है, इसलिए सही वक्त पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

दरअसल, 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था. इस ऑपरेशन के तहत तीनों सेना ने मिलकर पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थापित 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया था. इसके जवाब में बौखलाए पाकिस्तान में एलओसी पर भीषण गोलीबारी की और ड्रोन अटैक किया. हालांकि, भारत के एयर डिफेंस सिस्टम में सभी पाकिस्तानी ड्रोन को हवा में ही मार गिराया था. इसके बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान पर कई हमले किए, जिनमें पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान हुआ है. वहीं, भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए कई देशों की मदद सीजफायर पर सहमति बनी, लेकिन कुछ घंटों बाद ही पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन करते हुए, भारत पर ड्रोन से अटैक किया और गोलीबारी की. इधर, राजधानी दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास पर हाई लेवल मीटिंग हुई. दो घंटे से अधिक चली इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए अजीत डोभाल, सीडीएस और तीनों सेनाओं के प्रमुख के साथ पीएम नरेंद्र मोदी शामिल हुए।

## ब्रेकिंग न्यूज

### कांग्रेस नेता चिदंबरम ने की पीएम मोदी की युद्ध नीति की तारीफ, बोले- भारत का जवाब बुद्धिमतापूर्ण और संतुलित



**नई दिल्ली, 11 मई (न्यूज चैनल)।** कांग्रेस नेता और पूर्व गृह मंत्री पी. चिदंबरम ने इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित अपने कॉलम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत द्वारा पाकिस्तान को दिए गए जवाब को बुद्धिमत्तापूर्ण और संतुलित बताया है. उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए पर्यटकों पर आतंकी हमले के बाद देश में बदला लेने की आवाजें तेज थीं, लेकिन सरकार ने सीमित सैन्य कार्रवाई का रास्ता चुनकर एक बड़ा युद्ध टाल दिया. उन्होंने कहा कि भारत की सैन्य कार्रवाई सीमित और सुनियोजित थी, जिसका उद्देश्य आतंकी संगठनों की बुनियादी ढांचे को नष्ट करना था. चिदंबरम ने अपने कॉलम में इस कार्रवाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समझदारी भरा कदम बताया, क्योंकि इससे भारत ने पूर्ण युद्ध की स्थिति को टालते हुए वैश्विक स्थिरता को प्राथमिकता दी.

### राहुल गांधी ने की संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग, पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली, 11 मई (न्यूज चैनल)।** भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव को खत्म करने के लिए 10 मई की शाम सीजफायर की घोषणा की गई. इसके बाद भी बॉर्डर से सटे कई इलाकों में पाकिस्तान की ओर से ड्रोन हमला किया जा रहा है. इसी बीच विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी से संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है. विपक्ष की ओर से संसद का विशेष सत्र बुलाने को लेकर राहुल गांधी ने पीएम मोदी को एक चिट्ठी लिखी है. उन्होंने लिखा है कि भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी, मैं विपक्ष के सर्वसम्मति से किए गए अनुरोध को दोहराता हूं कि संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाया जाए।



# घर में शादी के बाद खाना खाने पहुंचा भालू, दूल्हा-दुल्हन को छोड़ फोटोग्राफर ने ली भालू की फोटो



**कांकेर, 11 मई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले स्थित दशपुर गांव में बीती रात एक शादी वाले घर में भालू खाना खाने के लिए आ धमका. भालू को देखते ही वहां अफरा-तफरी मच गई. लोग डर से वहां से भागने लगे और घर के अंदर घुस गए. भालू ने घर के बाड़ी में रखा पूरा तेल पीकर चट कर दिया. इस दौरान लोगों ने घर की छत से उसका वीडियो बनाया जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. राहत की बात यह रही कि इस दौरान कोई भालू के हमले का शिकार नहीं हुआ. लेकिन आय-दिन इलाके में भालुओं के आने और ग्रामीणों पर हमले से लोगों में डर का माहौल है. बता दें, इन दिनों भालू का आतंक दशपुर के ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है. स्थानीय लोगों के मुताबिक, भालू रोजाना शाम होते ही गांव की ओर आ जाता है, जिससे ग्रामीणों में भारी दहशत का माहौल है. कुछ दिन पहले भी भालू ने गांव के 2 ग्रामीणों पर हमला किया था. वन विभाग को इस घटना की जानकारी दे दी गई है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है. ग्रामीणों ने सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की है।

# बिना ट्रायल कैद करना प्री-ट्रायल सजा के बराबर; बेल नियम है, अपवाद नहीं, बॉम्बे हाईकोर्ट की टिप्पणी



**नई दिल्ली, 11 मई (न्यूज चैनल)।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने जोर देकर कहा है कि न्याय व्यवस्था में बेल (जमानत) को नियम माना जाता है और उसे मना करना अपवाद की स्थिति है। कोर्ट ने कहा कि किसी आरोपी को लंबे समय तक ट्रायल के बिना जेल में रखना असल में प्री-ट्रायल सजा देने जैसा है, जो संविधान के तहत मिले मौलिक अधिकारों का हनन है। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव की पीठ ने की, जब उन्होंने हत्या के एक मामले में आरोपी विकास पाटिल को जमानत दी। पाटिल पर 2018 में अपने भाई की हत्या का आरोप है और वह पिछले छह सालों से जेल में बंद था। कोर्ट ने कहा कि अब ट्रायल पूरे होने में बहुत लंबा वक्त लग रहा है और जेलों में भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। न्यायमूर्ति जाधव ने आर्थर रोड जेल के दिसंबर 2024 की रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें बताया गया कि जेल में क्षमता से छह गुना ज्यादा कैदी हैं। हर बैरक, जिसे सिर्फ 50 कैदियों के लिए बनाया गया है, उसमें अब 220 से 250 कैदी ठूंसे गए हैं। कोर्ट ने सवाल उठाया कि ऐसे हालात में न्यायपालिका को कैसे संतुलन बनाए रखना चाहिए - एक तरफ अपराध की गंभीरता और दूसरी तरफ आरोपी के मौलिक अधिकार। कोर्ट ने साफ कहा कि बेल का सिद्धांत यही है कि जमानत मिलना सामान्य बात होनी चाहिए, और उसे खारिज करना सिर्फ विशेष परिस्थितियों में होना चाहिए। न्यायमूर्ति जाधव ने दो अंडरट्रायल कैदियों की तरफ से लिखे गए लेख प्रूफ ऑफ गिल्ट का हवाला दिया, जिसमें पूछा गया था कि आखिर कितने लंबे इंतजार के बाद किसी व्यक्ति का तेज और निष्पक्ष ट्रायल का अधिकार खत्म हो जाता है। कोर्ट ने माना कि केवल लंबे समय से जेल में बंद होना ही बेल का आधार नहीं बन सकता, लेकिन यह एक अहम मुद्दा है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

## कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए अमेरिका की जरूरत नहीं: प्रियंका चतुर्वेदी



**नई दिल्ली, 11 मई (न्यूज चैनल)।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने रविवार को कहा कि कश्मीर मुद्दे का समाधान खोजने के लिए भारत को किसी देश के हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस मुद्दे पर मध्यस्थता की पेशकश की है। एक्स पर एक पोस्ट में प्रियंका ने जोर देकर कहा कि भारत को किसी देश के हस्तक्षेप के बिना इस मामले पर आगे बढ़ना चाहिए। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने कहा, कश्मीर मुद्दे का समाधान खोजने के लिए हमें अमेरिका या किसी अन्य देश के हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। नियति ने हमें यह जिम्मेदारी दी है और भारत को इस चुनौती का सामना करना चाहिए। यह तब हुआ जब राष्ट्रपति ट्रंप ने रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष खत्म होने का स्वागत करते हुए कहा कि अगर शांति नहीं बहाल हुई तो लाखों लोग मारे जा सकते थे। शायद वे दोनों देशों के बीच संभावित परमाणु युद्ध की बात कर रहे थे।

# केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 13 को आएंगे अंबिकापुर, मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम में होंगे शामिल

**अंबिकापुर, 11 मई (हाईवे चैनल)।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 13 मई को अंबिकापुर आएंगे। वे पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम में जनसमूह को संबोधित करेंगे। इससे पूर्व प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा व वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शुक्रवार को अंबिकापुर पहुंचकर कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का जायजा लिया। तैयारियों पर मंत्रीद्वय ने संतुष्टि जताई। इसके बाद वे संभागीय स्तरीय बैठक में भाजपा कार्यालय संकल्प भवन में शामिल हुए।



बैठक में विजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ को अब तक 8 लाख 26 हजार आवासों की स्वीकृति केंद्र से प्राप्त हुई है। 13 मई को अंबिकापुर में आयोजित 'मोर आवास मोर अधिकार' कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में हमें 3 लाख से अधिक अतिरिक्त आवासों की स्वीकृति मिलने की पूर्ण संभावना है। यह प्रदेशवासियों के लिए बड़ी सौगात होगी। बैठक में महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष राजा पांडे, सरगुजा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष गोमती साय, विधायक उद्देश्वरी पैकरा, विधायक रायमुनि भगत, विधायक राजेश अग्रवाल विधायक प्रबोध मिंज, विधायक रामकुमार टोप्पो,विधायक भूलन सिंह मरावी, गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, महापौर मंजूषा भगत, अनिल सिंह मेजर, जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, देवेंद्र तिवारी, ललन प्रताप सिंह, भरत सिंह, मुरली सोनी, अभिमन्यु गुप्ता, देवनाथ सिंह पैकरा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अस्पताल में हुई आगजनी रिकॉर्ड रूम जलकर खाक

**जांजगीर-चांपा, 11 मई (हाईवे चैनल)।** सरकारी अस्पताल की बड़ी लापरवाही सामने आई है। जहां रात 3 बजे रिकॉर्ड रूम में देर रात आग लग गई। आग लगने के कारण कमरे से काला धुआं बाहर आने लगा, जिससे अफरा-तफरी मच गई। घटना में कई दस्तावेज जलकर खाक हो गए हैं। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दरअसल, सिविल सर्जन कार्यलय के कक्ष क्रमांक 3 और 4 को रिकॉर्ड रूम में इस्तेमाल किया जा रहा है, जहां कल आग लग गई। कमरे में आग की लपटें देखकर मरीजों के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस और दमकल की वाहन मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने आग बुझाने के लिए अस्पताल के पीछे शटर को तोड़ कर घुसे। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। अस्पताल के इलेक्ट्रिशियन का कहना है कि हाल ही में पूरे जिला अस्पताल परिसर में नई वायरिंग की गई है और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम भी किए गए हैं। हैरानी की बात यह है कि रिकॉर्ड रूम में आग लगने के बावजूद न तो अस्पताल परिसर की बिजली गुल हुई और न ही कोई सर्किट कटा।



CMYK